## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद महोबा में कानून-व्यवस्था बनाए रखने व विषम परिस्थियों में अराजकतत्वों से निपटने के लिए पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया।!!

आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद महोबा में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा विषम परिस्थितियों में अराजक तत्वों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु आज दिनांक 27.02.2026 को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड आयोजित की गई।


पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व में त्यौहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया।

ड्रिल के दौरान पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों के प्रयोग, आवश्यक सावधानियों एवं मानक कार्यप्रणाली (SOP) के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अभ्यास के अंतर्गत 10 पुलिस पार्टियां गठित की गई तथा पुलिसकर्मियों में से ही कुछ को बलवाई (भीड़) की भूमिका में रखा गया। भीड़ को तितर-बितर करने की कार्यवाही का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया गया।

इस दौरान दंगा नियंत्रण उपकरणों जैसे रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, अश्रु गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, टीयर स्मोक सेल, हैंड ग्रेनेड आदि के संबंध में जानकारी दी गई तथा उनका डेमोन्स्ट्रेशन कराया गया। बलवा की स्थिति का अनुकरण करते हुए पुलिस पर प्रतीकात्मक रूप से पथराव भी कराया गया, जिस पर पुलिस द्वारा न्यूनतम आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए स्थिति को नियंत्रित करने का अभ्यास किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने बताया कि इस प्रकार की ड्रिल का उद्देश्य संवेदनशील अवसरों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल को व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित एवं सजग रखना है। इस अभ्यास के माध्यम से पुलिसकर्मियों को दंगों एवं आकस्मिक विपरीत परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु प्रशिक्षित किया जाता है।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अपराध/साइबर श्री गौरव उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, समस्त थाना प्रभारी, समस्त शाखा प्रभारी सहित जनपद के थानों, शाखाओं एवं पुलिस लाइन में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 27.02.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## "सीसीटीएनएस रैंकिंग में महोबा पुलिस का पहला स्थान, मुख्यालय तकनीकी सेवाएं ने पुलिस अधीक्षक महोबा सहित टीम को किया सम्मानित"

सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्यप्रदर्शन के आधार पर मुख्यालय तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश द्वारा जनवरी 2026 के आंकड़ों के अनुसार जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद महोबा पुलिस ने 100% अंक प्राप्त करते हुए एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि महोबा पुलिस की कार्यकुशलता, त्वरित निस्तारण और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है।

इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश श्री नवीन अरोरा द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह तथा सीओ सीसीटीएनएस श्री गौरव उपाध्याय सहित सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर का दायित्व निभा रहे कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी, श्री रहमान रशीद के कार्यों की प्रशंसा की गयी है । मुख्यालय द्वारा टीमवर्क, उत्तरदायित्व व विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाने हेतु किए गए प्रयासों की सराहना की गई और भविष्य में भी इसी मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।

सीसीटीएनएस क्या है?

सीसीटीएनएस (Crime and Criminal Tracking Network & Systems) एक एकीकृत ऑनलाइन प्रणाली है, जिसके माध्यम से किसी भी अपराध से संबंधित रिपोर्ट, विवेचना की अद्यतन स्थिति, आरोपियों की गिरफ्तारी, केस डायरी से लेकर चालान प्रस्तुत होने तक की सभी आवश्यक कार्यवाही ऑनलाइन दर्ज की जाती है। यह प्रणाली पारदर्शी, तीव्र और प्रभावी पुलिस कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण आधार है।

सीसीटीएनएस रैंकिंग में शामिल प्रमुख पोर्टल इन सभी पोर्टलों पर श्रेष्ठ फीडिंग, समयबद्ध अपलोडिंग तथा सतत मॉनिटरिंग के आधार पर जनपद महोबा को पहला स्थान प्राप्त हुआ—

1. CCTNS Portal के IIF Forms 2.Training Certificate Portal 3.Pared Portal 4.Field Unit Portal 5.PG Portal 6.Foot Patrolling Portal 7.CRIMAC Portal 8.ICJS Portal 9.Crime Analytical Portal 10.NAFIS Portal

पुलिस अधीक्षक महोबा एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के कुशल नेतृत्व में प्राप्त यह उपलब्धि जनपद पुलिस की तकनीकी दक्षता, अनुशासन और त्वरित निस्तारण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।






## गैंगेस्टर एक्ट के 03 नफर वांछित अभियुक्तों को थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक- 27.02.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शातिर आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त रहे गैंगेस्टर एक्ट में पंजीकृत किये गये मु0अ0सं0 25/2026 धारा 3(1) गैगेस्टर एक्ट में वांछित 03 नफर अभियुक्त गण क्रमशः 1.दीपक उर्फ बन्टा श्रीवास पुत्र मनमोहन श्रीवास उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम परा थाना राठ जनपद हमीरपुर 2.शिवम राजपूत पुत्र गुलाब राजपूत उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम गुटकवारा थाना जरिया जनपद हमीरपुर 3.दीपक अनुरागी पुत्र भगवान दास अनुरागी उम्र करीब 24 वर्ष निवासी मुहल्ला खुशीपुरा थाना राठ जनपद हमीरपुर को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाले वाली पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा ।
2. उ0नि0 पवन गौडं थाना पनवाडी जनपद महोबा ।
3. का0 अजय कुमार थाना पनवाडी जिला महोबा
4. का0 रामकुमार तिवारी थाना पनवाडी जिला महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. दीपक उर्फ बन्टा श्रीवास पुत्र मनमोहन श्रीवास उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम परा थाना राठ जनपद हमीरपुर
2. शिवम राजपूत पुत्र गुलाब राजपूत उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम गुटकवारा थाना जरिया जनपद हमीरपुर
3. दीपक अनुरागी पुत्र भगवान दास अनुरागी उम्र करीब 24 वर्ष निवासी मुहल्ला खुशीपुरा थाना राठ जनपद हमीरपुर



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 27.02.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अवैध शराब के विरुद्ध कड़ा प्रहार :

## 2500 लीटर लहन नष्ट, 60 लीटर कच्ची शराब बरामद...

श्री प्रबल प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन एवं श्रीमती वन्दना सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में श्री रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के नेतृत्व में सर्किल कुलपहाड़ पुलिस टीम द्वारा प्रभावी एवं ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई।

आज दिनांक- 27.02.2026 को जनपद महोबा में आगामी त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने हेतु पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत थाना कुलपहाड़ क्षेत्र के औना डेरा, कबूतरा एवं बेलाताल क्षेत्र में सघन दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान लगभग **2500 लीटर कच्ची लहन नष्ट** कराई गई तथा **60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद** की गई।

बरामदगी एवं साक्ष्यों के आधार पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

जनपद पुलिस की यह कार्रवाई अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

त्योहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के विरुद्ध इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

महोबा पुलिस – सुरक्षित त्योहार, शांतिपूर्ण वातावरण के लिए प्रतिबद्ध।

